AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि ने ऑनलाइन कोर्सों के लिए यूजीसी में किया आवेदन

बीबीए व बीकॉम से होगी शुरुआत, कोर्स का ड्राफ्ट भेजा जाएगा राजभवन

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि अब ऑनलाइन कोर्स भी शुरू करने जा रहा है। इसके लिए विवि प्रशासन ने यूजीसी में आवेदन कर दिया है। इसकी शुरुआत बीबीए और बीकॉम से होगी।

नैक में ए प्लस प्लस ग्रेडिंग लाने के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय स्वतः इसके लिए अर्ह हो गया है। वह अपने स्तर से ऑनलाइन कोर्स चला सकता है। अमर उजाला ने 12 सितंबर के अंक में 'लविवि : बीबीए, एमबीए व पत्रकारिता के कोर्स ऑनलाइन भी चलेंगे' शीर्षक से इसकी खबर भी प्रकाशित की थी। लविवि ने इसकी शुरुआत बीबीए व बीकॉम कोर्स से करने का निर्णय लिया है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि इन कोर्सों को नए सत्र 2023-24 से शुरू किया जाएगा। इसके लिए अध्यादेश भी तैयार किया जा रहा है।

एजुकेशन विभाग की प्रो. अमिता बाजपेई की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया है। ऑनलाइन कोर्स का एक ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। अन्य औपचारिकताएं पूरी कर इसे अप्रूवल के लिए राजभवन भेजा जाएगा। दोनों जगह से हरी झंडी मिलने के बाद इसे नए सत्र से प्रभावी करेंगे।

प्रो. पूनम टंडन बनीं डीन एकेडमिक्स

लविवि की डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन को डीन एकेडमिक्स का भी चार्ज दिया गया है। वहीं प्रो. मधुरिमा लाल को निदेशक सांस्कृतिकी बनाया गया है। रजिस्ट्रार संजय मेधावी के अनुसार, अभी तक उक्त दोनों प्रभार प्रो. राकेश चंद्रा के पास थे, जो 20 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

डॉ. हिमांशु ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रभारी

लविवि के इंजीनियरिंग संकाय के डॉ. हिमांशु पांडेय को संकाय का ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट का इंचार्ज बनाया गया है। रजिस्ट्रार संजय मेधावी के अनुसार, डीन प्रो. एके सिंह की संस्तुति पर डॉ. हिमांशु को प्रभारी बनाया गया है। अभी वे प्लेसमेंट से जुड़ा काम अतिरिक्त प्रभार के रूप में देख रहे हैं।

लविवि : रात आठ बजे के बाद छात्राओं के हॉस्टल से बाहर जाने पर लगी रोक

लखनऊ। लखनऊ विवि प्रशासन ने छात्रों के बाद अब छात्राओं के लिए भी हॉस्टल में आने-जाने की समय सीमा निर्धारित की है। प्रॉक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी ने सोमवार को एक आदेश जारी कर कहा कि रात आठ बजे के बाद छात्राओं के बाहर जाने और छात्रावास में आने पर रोक लगा दी गई है। हालांकि इस निर्णय से छात्राओं में नाराजगी है। (माई सिटी रिपोर्टर)

एमकॉम के इंटरनल असेसमेंट 12 से

लखनऊ। लविवि में एमकॉम पहले व तीसरे सेमेस्टर के इंटरनल असेसमेंट 12 जनवरी से शुरू हो रहे हैं। विभागाध्यक्ष प्रो. अवधेश त्रिपाठी ने बताया कि इसका आयोजन 18 दिसंबर तक किया जाएगा। विस्तृत कार्यक्रम विवि की वेबसाइट पर जारी किया गया है। (माई सिटी रिपोर्टर)

कोडिंग में कॅरिअर की जानकारी दी

लखनऊ। लविवि के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से 'कोडिंग कनोइसर्स' ने सोमवार को ओरिएंटेशन 2.0 का आयोजन किया गया। इसमें विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को तकनीकी व गैर-तकनीकी क्षेत्र में कोडिंग के महत्व और उपलब्ध रोजगार के अवसरों से अवगत कराया। प्रियांशी राय व मानवेंद्र रजवाड़ा ने बताया कि कोडिंग से जुड़े संसाधन एवं प्लेटफॉर्म के बारे में छात्रों को अवगत कराया। इस अवसर पर मुख्य छात्र समन्वयक आस्था सेठ, सिद्धार्थ मिश्रा, कार्तिकेय पांडेय, ओमिशा अग्रवाल, मृत्युंजय द्विवेदी, शिवम मिश्रा, अमन द्विवेदी, अखिलेश सिंह, निश्चय पटेल आदि मौजूद रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)

HINDUSTAN PAGE 6

सात मेडल जीतने वाली फरवा को नकद पुरस्कार

लखनऊ। लविवि सेकंड कैंपस में आयोजित संस्कृति सुरभि महोत्सव में लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज की छात्रा फरवा रिजवी ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं में सात मेडल जीते हैं। इसमें पांच स्वर्ण पदक और दो रजत पदक हैं। यह अब तक के सर्वाधिक मेडल हैं।

सोमवार को लविवि सेकंड कैंपस के निदेशक प्रो. बीडी सिंह, आयोजन समिति के निदेशक प्रो. सतीश चंद्र व संस्कृति समिति के अध्यक्ष डॉ. उग्रसेन वर्मा ने छात्रा को 15 हजार रुपये नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। फरवा ने महिला 100 मीटर, 200 व 400 मीटर रेस में गोल्ड, लॉन्ग जंप में गोल्ड, 100 मीटर रिले रेस में गोल्ड के अलावा बास्केटबॉल और कब्बड़ी प्रतियोगिताओ में रजत पदक झटके थे। (माई सिटी रिपोर्टर)

एमकॉम इंटरनल असेसमेंट 12 जनवरी से होंगे

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने एमकॉम प्रथम और तृतीय सेमेस्टर इंटरनल असेसमेंट प्रेजेंटेशन और असाइनमेंट शेड्यूल जारी कर दिया है। सत्र 2022-23 एमकॉम प्रथम सेमेस्टर सेक्शन ए, बी और सेल्फ फाइनेंस छात्रों को इंटरनल असेसमेंट 12 से 18 जनवरी तक सुबह 11 बजे से होगा। प्रथम सेमेस्टर में 12 जनवरी को सेक्शन का अकाउंटिंग एण्ड थ्योरी, सेक्शन बी में वर्किंग कैपिटल मैनजमेंट आदि का असेसमेंट किया जाएगा।

एलयू में संस्कृति सुरभि में सर्वाधिक मेडल के लिए फरवा को सम्मानित किया गया।

फरवा ने सबसे ज्यादा पांच स्वर्ण, दो रजत जीते

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के वार्षिक पांच दिवसीय संस्कृति सुरभि महोत्सव में प्रतियोगी एलपीसीपीएस की छात्रा फरवा रिजवी ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं में सबसे ज्यादा सात मेडल जीते। जिसमें 5 स्वर्ण एवं 2 रजत पदक थे। एलयू खेल एवं संस्कृति समिति के अध्यक्ष डॉ उग्रसेन वर्मा ने उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए कैश प्राईज देने की घोषणा की।

पीएचडी शिक्षकों के प्रवेश एक सप्ताह में

लखनऊ। पीएचडी 2020 अध्यादेश में संशोधन पर मुहर लगने के बाद नेट जेआरएफ शिक्षकों को 10 फीसदी सुपरन्यूमेरिक सीट का आरक्षण मिला है। इन सीटों पर प्रवेश एक सप्ताह में पूरे हो जाएंगे। एलयू पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया 2021-22 लगभग पूरी हो चुकी है। 10 फीसदी सीटों को आरक्षण के बाद विवि ने नेट जेआरएफ चयनित शिक्षकों की प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने की ओर से कदम बढ़ा दिए हैं। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि सुपरन्यूमेरिक सीटों पर प्रवेश जल्द पूरे किए जाएंगे। प्रयास है कि एक हफ्ते में सभी प्रवेश कर लिए जाएं।

JAGRAN CITY PAGE III

बीबीए-बीकाम की आनलाइन भी पढ़ाई, कोर्स तैयार

लखनऊ विश्वविद्यालय ने यूजीसी को पत्र लिखकर मांगी कोर्स संचालन की अनुमति

जासं, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय आनलाइन पाठ्यक्रम शुरू करने की घोषणा पहले ही कर चुका है। अब तय हो गया है कि इसकी शुरुआत बीबीए और बीकाम के कोर्सों से होगी। विश्वविद्यालय ने आनलाइन के लिए दोनों कोर्स तैयार कर लिए हैं। साथ ही कोर्स संचालन की अनुमति के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को पत्र भेजा गया है। वहां से मंजूरी मिलते ही इन कोर्सों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने स्थापना दिवस पर भावी योजनाओं की घोषणा की थी। अब उसे अमल में लाने की तैयारी शुरू कर दी है। कुलपति ने बताया कि एलयू ने सबसे पहले नई शिक्षा नीति लागू की थी। अब ऑनलाइन कोर्स भी शुरू करने जा रहे हैं। यूजीसी ने अपने नियमों में हाल ही में थोड़ा बदलाव किया है। ऐसे में उससे आनलाइन कोर्स शुरू करने के लिए अनुमति मांगी है।

कुलपति ने बताया कि बीबीए और बीकाम के आनलाइन कोर्स में प्रवेश अलग से लिए जाएंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत इन कोर्सों में सेमेस्टर वार आनलाइन पढ़ाई होगी। परीक्षाएं भी आनलाइन ही होंगी। उन्होंने बताया कि यूजीसी से अनुमति मिलने और अध्यादेश तैयार होने के बाद इसे शुरू किया जाएगा। आनलाइन कोर्स संचालन के लिए अध्यादेश बनाया जाएगा। इसके लिए शिक्षा विभाग की प्रोफेसर अमिता बाजपेई की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर दी गई है।

रात आठ बजे के बाद हास्टल से बाहर नहीं जा सकेंगी छात्राएं

हास्टल के छात्रों के बाद अब छात्राओं को भी रात आठ बजे के बाद छात्रावास से बाहर जाने-आने पर रोक लगा दी है। यदि कोई छात्रा इसका पालन नहीं करते हुए पाई गई तो उसके खिलाफ नियमानुसार कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। सोमवार को चीफ प्राक्टर प्राफेसर राकेश द्विवेदी की ओर से इसका आदेश जारी किया गया। बीते 16 दिसंबर की रात सुभाष छात्रावास के छात्र देर रात चाय पीने गए थे, जिसके बाद पुलिस से उनकी पहासुनी हो गई थी। पुलिस पर पिटाई का आरोप लगाकर छात्रों ने देर रात से सुबह तक प्रदर्शन किया था। छात्र आखिर रात में हास्टल से कैसे बाहर निकले? किसी ने उन्हें रोका तक नहीं? इसको लेकर सवाल उठ रहे थे, जिसके बाद छात्रावास के छात्रों को रात 10 बजे के बाद बाहर निकलने पर रोक लगाई गई।

रात में हास्टल का निरीक्षण

छात्रों और पुलिस के साथ हुए विवाद के बाद प्रोक्टोरियल बोर्ड सतर्क हो गया है। सोमवार को रात 10 बजे के बाद एडिशनल प्राक्टर डा. महेंद्र अग्निहोत्री, डा. ओपी शुक्ल, आरक्षी अधीक्षी, राजेश्वर यादव हास्टल का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने एलबीएस, हबीबुल्लाह, सुभाष और महमूदाबाद छात्रावास में छात्रों के पहचान पत्र चेक किए।

छात्र का पहचान पत्र चेक करते एडिशनल प्राक्टर डा. महेंद्र अग्निहोत्री • सौ. सक्षि

इंटरनल असेसमेंट 12 से

लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के कामर्स विभाग ने एमकाम प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के इंटरनल असेसमेंट (आंतरिक मूल्यांकन), प्रेजेंटेशन और असाइनमेंट का शेड्यूल सोमवार को जारी कर दिया। प्रथम सेमेस्टर का असिस्टेंट 12 से 18 जनवरी और तृतीय सेमेस्टर का 12 से 17 जनवरी तक होगा। (जासं)

विद्यार्थियों को बताया कोडिंग का महत्व

जासं, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से सोमवार को ओरिएंटेशन 2.0 प्रोग्राम सफलता पूर्वक आयोजित किया। इसमें तकनीकी एवं गैर-तकनीकी क्षेत्र में कोडिंग के महत्व एवं उपलब्ध रोजगार के अवसरों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। उन्हें कोडिंग से जुड़े संसाधन एवं प्लेटफार्म के बारे में भी बताया गया ताकि छात्र अपनी कोडिंग स्किल्स को बेहतर बना सकें।

लविवि में फूड फेस्टिवल आज 11 राज्यों के व्यंजन बनाएंगे कैडेट्स

लखनऊ विश्वविद्यालय में 64 यूपी बटालियन एनसीसी की ओर से मंगलवार को फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। इसमें कैडेट्स 11 राज्यों के खाने, परिधान और नृत्य की प्रस्तुति करेंगे। कैडेट्स संबंधित राज्य का परिधान भी पहने नजर आएंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय दोपहर 12 बजे करेंगे। 64 यूपी बटालियन एनसीसी के केयर टेकर डा. रजनीश यादव ने बताया कि कार्यक्रम की थीम एकता में अनेकता पर आधारित है। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले कैडेट्स को पुरस्कृत किया जाएगा।

इन राज्यों का व्यंजन बनेगा : गुजरात, यूपी, आंध्र प्रदेश, केरल, बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड, पंजाब, राजस्थान, जम्मू एवं कश्मीर, महाराष्ट्र।

i-NEXT PAGE 2 & 4

लखनऊ यूनिवर्सिटी में भावी योजनाओं की दी गई जानकारी

अब ऑनलाइन भी लगेगी बीबीए, बीकॉम की क्लास

i SPECIAL LUCKNOW (19 Dec, inext): लखनऊ विश्वविद्यालय ऑनलाइन पाठ्यक्रम शुरू करने की घोषणा पहले ही कर चुका है. अब तय हो गया है कि इसकी शुरुआत बीबीए और बीकाम के कोर्सों से होगी. विश्वविद्यालय ने आनलाइन के लिए दोनों कोर्स तैयार कर लिए हैं. साथ ही कोर्स संचालन की अनुमति के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को पत्र भेजा गया है. वहां से मंजूरी मिलते ही इन कोर्सों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू की जाएगी.

लखनऊ विश्वविद्यालय ने यूजीसी को पत्र लिखकर मांगी कोर्स संचालन की अनुमति

भावी योजनाओं की घोषणा

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने स्थापना दिवस पर भावी योजनाओं की घोषणा की थी. अब उसे अमल में लाने की तैयारी शुरू कर दी है. कुलपति ने बताया कि एलयू ने सबसे पहले नई शिक्षा नीति लागू की थी. अब ऑनलाइन कोर्स भी शुरू करने जा रहे हैं. यूजीसी ने अपने नियमों में हाल ही में थोड़ा बदलाव किया है. ऐसे में उससे आनलाइन कोर्स शुरू करने के लिए अनुमति मांगी है.

सेमेस्टरवार होगी पढ़ाई

कुलपति ने बताया कि बीबीए और बीकाम के आनलाइन कोर्स में प्रवेश अलग से लिए जाएंगे. राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत इन कोर्सों में सेमेस्टर वार ऑनलाइन पढ़ाई होगी. परीक्षाएं भी ऑनलाइन ही होंगी. उन्होंने बताया कि यूजीसी से अनुमति मिलने और अध्यादेश तैयार होने के बाद इसे शुरू किया जाएगा.

शिया पीजी कालेज में पाठ्यक्रम का उद्घाटन

शिया पीजी कालेज में सोमवार को एमएसएमई तकनीकी विकास केंद्र आगरा की ओर से रोजगारपरक पाठ्यक्रम का उद्घाटन किया गया. इसमें जीएसटी अकाउंट बिद टैली के बारे में पढ़ाया जाएगा. इस अवसर पर मजलिस-ए-उलेमा के सचिव मौलाना यासूब अब्बास ने छात्रों को उनके बेहतर भविष्य के लिए कौशल विकास और नौकरी से जुड़े पाठ्यक्रमों के लिए प्रेरित किया. इस अवसर पर कामर्स के हेड प्रो. अंजुम अबरार, प्राचार्य प्रो. एसएस रजा बाकरी, एमएसएमई तकनीकी विकास केंद्र के ऋषभ मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे.



अध्यादेश बनाने के लिए कमेटी गठित

ऑनलाइन कोर्स संचालन के लिए अध्यादेश बनाया जाएगा. इसके लिए शिक्षा विभाग की प्रोफेसर अमिता बाजपेई की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर दी गई है. अध्यादेश में तय होगा कि इन कोर्सों में प्रवेश के क्या मानक होंगे. आनलाइन फीस क्या होगी? गौरतलब है कि एलयू में ऑनलाइन मोड पर पढ़ाने के लिए लेक्चर रिकार्डिंग आदि के लिए रिकार्डिंग स्टूडियो भी उपलब्ध है.

करियर काउंसिलिंग पर संवाद सत्र

श्री जय नारायण मिश्रा पीजी कालेज (केकेसी) में सोमवार को यूनिसेफ, एनएसएस और पीएचएफआई के सहयोग से मुस्कुराएगा इंडिया के अंतर्गत करियर काउंसिलिंग पर संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया. करियर काउंसलर हर्षिता श्रीवास्तव को आमंत्रित किया गया. प्रोफेसर रश्मि सोनी, कार्यक्रम के समन्वयक अंशुमालि शर्मा की उपस्थिति में छात्रों को पेशेवर जीवन के विभिन्न चरणों में करियर काउंसिलिंग के महत्व के बारे में बताया गया.

घर बैठे प्राप्त कीजिए चरित्र प्रमाणपत्र

डा. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के स्टूडेंट्स को अब चार तरह के प्रमाणपत्र के लिए विश्वविद्यालय में जाने की जरूरत नही पड़ेगी. विद्यार्थी घर बैठे चरित्र प्रमाणपत्र, कन्वर्जन प्रमाणपत्र, प्रोविजनल स्टेटमेंट आफ ग्रेड्स, बोनाफाइड प्रमाणपत्र डिजिटल प्राप्त कर सकेंगे. पाठ्यक्रम पूरा होते ही ये चारों तरह के प्रमाणपत्र आनलाइन उपलब्ध करा दिए जाएंगे. इन प्रमाणपत्रों के लिए छात्रों को विश्वविद्यालय आकर निर्धारित शुल्क भी नहीं जमा करना होगा. वह आनलाइन शुल्क जमा करके सभी प्रमाणपत्र को प्राप्त कर सकेंगे.

विद्यार्थियों को बताया कोडिंग का महत्व

लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से सोमवार को ओरिएंटेशन 2.0 प्रोग्राम सफलता पूर्वक आयोजित किया. इसमें तकनीकी एवं गैर-तकनीकी क्षेत्र में कोडिंग के महत्व एवं उपलब्ध रोजगार के अवसरों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई. उन्हें कोडिंग से जुड़े संसाधन एवं प्लेटफार्म के बारे में भी बताया गया ताकि छात्र अपनी कोडिंग स्किल्स को बेहतर बना सकें. इस अवसर पर मुख्य छात्र समन्वयक आस्था सेठ, सिद्धार्थ मिश्रा, प्रियांशी राय, मानवेंद्र रजवाड़ा, ओमिशा अग्रवाल एवं मृत्युंजय द्विवेदी सहित अन्य छात्र उपस्थित रहे.

रात 8 के बाद गर्ल्स हास्टल में रहें

लखनऊ विश्वविद्यालय के चीफ प्राक्टर ने जारी किया आदेश

LUCKNOW (19 Dec): एलयू ने हास्टल के छात्रों के बाद अब छात्राओं को भी रात आठ बजे के बाद छात्रावास से बाहर जाने-आने पर रोक लगा दी है. इसका उल्लंघन करने पर कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी. चीफ प्राक्टर प्रोफेसर राकेश द्विवेदी की ओर यह आदेश जारी किया गया. बीते 16 दिसंबर की रात सुभाष छात्रावास के छात्र देर रात चाय पीने गए थे, जिसके बाद पुलिस से उनकी कहासुनी हो गई थी. पुलिस पर पिटाई का आरोप लगाकर छात्रों ने देर रात से सुबह तक प्रदर्शन किया था. छात्र आखिर रात में हास्टल से कैसे बाहर निकले. किसी ने उन्हें रोका तक नहीं. इसको लेकर सवाल उठ रहे थे, जिसके बाद छात्रावास के छात्रों को रात 10 बजे के बाद बाहर निकलने पर रोक लगाई गई.

इंटरनल असेसमेंट 12 जनवरी से

कामर्स विभाग ने एमकाम प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के इंटरनल असेसमेंट (आंतरिक मूल्यांकन), प्रेजेंटेशन और असाइनमेंट का शेड्यूल सोमवार को जारी कर दिया. प्रथम सेमेस्टर का असिस्टेंट 12 से 18 जनवरी और तृतीय सेमेस्टर का 12 से 17 जनवरी तक होगा.

विद्यार्थियों को बताया कोडिंग का महत्व

लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से सोमवार को ओरिएंटेशन 2.0 प्रोग्राम सफलता पूर्वक आयोजित किया. इसमें तकनीकी एवं गैर-तकनीकी क्षेत्र में कोडिंग के महत्व एवं उपलब्ध रोजगार के अवसरों के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी गई. उन्हें कोडिंग से जुड़े संसाधन एवं प्लेटफार्म के बारे में भी बताया गया ताकि छात्र अपनी कोडिंग स्किल्स को बेहतर बना सकें. इस अवसर पर मुख्य छात्र समन्वयक आस्था सेठ, सिद्धार्थ मिश्रा, प्रियांशी राय, मानवेंद्र रजवाड़ा, ओमिशा अग्रवाल एवं मृत्युंजय द्विवेदी सहित अन्य छात्र उपस्थित रहे.

प्रो. पूनम को डीन एकेडमिक का चार्ज

LUCKNOW (19 Dec): एलयू के भौतिक विज्ञान विभाग की प्रोफेसर एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन को डीन एकेडमिक का भी चार्ज दे दिया गया. अभी तक इस पद पर प्रो. राकेश चंद्रा तैनात थे, लेकिन 20 दिसंबर को वह सेवानिवृत्त हो रहे हैं. इसलिए यह बदलाव किया गया. डायरेक्टर सांस्कृतिक के पद की जिम्मेदारी प्रो. मधुरिमा लाल को दी गई है.

TARUN MITRA PAGE 2

'कोडिंग कनोइसर्स' में छात्रों को बतायें रोजगार के अवसर

लखनऊ, 19 दिसम्बर (तरुणमित्र)। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से 'कोडिंग कनोइसर्स' ने सोमवार को ओरीएन्टेशन 2.0 प्रोग्राम सफलता पूर्वक आयोजित किया। जिसमें तकनीकी एवं गैर-तकनीकी क्षेत्र में कोडिंग के महत्व एवं उपलब्ध रोजगार के अवसरों से अवगत कराया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को कोडिंग क्लब से परिचित कराना एवं कोडिंग से जुड़े संसाधन व प्लेटफार्मस के बारे में छात्रों को अवगत कराना था। जिसके माध्यम से छात्र अपनी कोडिंग स्किल्स को बेहतर बना सकें। कार्यक्रम में अभियांत्रिकी एवं तकनीकी विभाग के 250 से अधिक छात्रों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम को सुचारू बनाने का श्रेय मुख्य छात्र समन्वयक आस्था सेठ और सिद्धार्थ मिश्रा को जाता है। वहीं कार्यक्रम के वक्ता प्रियांशी राय, मानवेंद्र रजवाड़ा, आस्था सेठ ,कार्तिकेय पांडेय, ओमिशा अग्रवाल एवं मृत्युंजय द्विवेदी रहे। वहीं, टीम के अन्य सदस्यों में शिवम मिश्रा, अमन द्विवेदी, अखिलेश सिंह, निश्चय पटेल, स्वप्निल राय, दिव्यांशु गुप्ता और कार्तिक गुप्ता मौजूद रहे।

PIONEER PAGE 3

संस्कृति सुरभि महोत्सव की प्रतियोगी फरहा को मिले सात मेडल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित 5 दिवसीय संस्कृति सुरभि महोत्सव में विभिन्न विश्वविद्यालयों एव महाविद्यालयों के छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। महोत्सव की एक प्रतियोगी फरवा रिजवी जो एलपीसीपीएस की छात्रा है,ने अलग-अलग प्रतियोगिताओ में 7 मेडल जीतकर इतिहास रच दिया। जिसमे 5 स्वर्णपदक एवं 2 रजत पदक शामिल हैं। किसी प्रतियोगी द्वारा जीते जाने वाले मेडल्स में ये संख्या सर्वाधिक है। फरवा ने महिला 100 मीटर रेस में गोल्ड, महिला 200 मीटर रेस में गोल्ड, महिला 400 मीटर रेस में गोल्ड, लांग जम्प में गोल्ड 400 मीटर रिले रेस में गोल्ड बास्केटबॉल और कब्बडी प्रतियोगिताओ में रजत पदक झटके। लखनऊ विश्वविद्यालय खेल एवं संस्कृति समिति के अध्यक्ष डॉ उग्रसेन वर्मा ने इस प्रतिभागी के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए कैश प्राईज देने की घोषणा की। समिति के डायरेक्टर प्रो सतीश चंद्र, विश्वविद्यालय परिसर के डायरेक्टर प्रो बीडी सिंह ने भी छात्रा को बधाई दी एवं भविष्य में आगे बढ़ने हेतु आशीर्वाद दिया।

प्रो. पुनम टंडन बनी डीन एकेडमिक: विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के निर्देश पर विवि की छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. पुनम टंडन को डीन एकेडमिक के पद पर नियुक्त किया है। वहीं प्रो. मधुरिमा लाल को निदेशक सांस्कृतिकी के पद पर मनोनीत किया गया है।

AMRIT VICHAR PAGE 4

छात्रों को सिखाई कोडिंग

अमृत विचार संवाददाता

प्रशिक्षण

- कोडिंग के महत्व व उपलब्ध रोजगार के अवसरों से कराया अवगत

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय (लविवि) के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से 'कोडिंग कनोइसर्स' ने सोमवार को ओरिएंटेशन 2.0 प्रोग्राम सफलता पूर्वक आयोजित किया। जिसमें तकनीकी एवं गैर-तकनीकी क्षेत्र में कोडिंग के महत्व व उपलब्ध रोजगार के अवसरों से अवगत कराया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को कोडिंग क्लब से परिचित कराना व कोडिंग से जुड़े संसाधन व प्लेटफार्म के बारे में छात्रों को अवगत कराना था, जिसके माध्यम से छात्र अपनी कोडिंग स्किल्स को बेहतर बना सकें।। कार्यक्रम में अभियांत्रिकी एवं तकनीकी विभाग के 250 से अधिक छात्रों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम को सुचारू बनाने का श्रेय मुख्य छात्र समन्वयक आस्था सेठ और सिद्धार्थ मिश्रा को दिया गया। वहीं कार्यक्रम के वक्ता प्रियांशी राय, मानवेंद्र रजवाड़ा,आस्था सेठ,कार्तिकेय पांडे, ओमिशा अग्रवाल व मृत्युंजय द्विवेदी रहे। वहीं टीम के अन्य सदस्य शिवम मिश्रा, अमन द्विवेदी, अखिलेश सिंह, निश्चय पटेल, स्वप्निल राय, दिव्यांशु गुप्ता और कार्तिक गुप्ता मौजूद रहे।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

7 मेडल जीतकर इतिहास रचने वाली छात्रा सम्मानित

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। जानकीपुरम स्थित लविवि के द्वितीय परिसर में आयोजित 5 दिवसीय संस्कृति सुरभि महोत्सव में विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस महोत्सव में लखनऊ पब्लिक स्कूल ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, एलपीसीपीएस की एक प्रतियोगी छात्रा, फरवा रिजवी ने अलग-अलग प्रतियोगिताओं में 7 मेडल जीतकर इतिहास रच दिया, जिसमें 5 स्वर्ण पदक एवं 2 रजत पदक थे।

किसी प्रतियोगी द्वारा जीते जाने वाले मेडल्स में ये संख्या सर्वाधिक है। फरवा ने महिला 100 मीटर रेस में गोल्ड, महिला 200 मीटर रेस में गोल्ड, महिला 400 मीटर रेस में गोल्ड, लांग जम्प में गोल्ड, 400 रिले रेस में गोल्ड, बास्केटबॉल और कबड्डी प्रतियोगिताओं में रजत पदक झटके।

लखनऊ विश्वविद्यालय खेल एवं संस्कृति समिति के अध्यक्ष डॉ. उग्रसेन वर्मा ने इस प्रतिभागी के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए कैश प्राईज देने की घोषणा की और कहा कि ऐसे होनहार छात्र अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत होते हैं। समिति के डायरेक्टर प्रो. सतीश चंद्र, विश्वविद्यालय परिसर के डायरेक्टर प्रो. बी.डी. सिंह ने भी इस छात्रा को बधाई दी एवं भविष्य में आगे बढ़ने हेतु आशीर्वाद दिया।

लखनऊ विश्वविद्यालय में नवीन नियुक्तियों के आदेश जारी

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार संजय मेधावी द्वारा भौतिक विभाग में डीन, ऐकेडेमिक्स के पद पर प्रोफेसर पूनम टंडन की नियुक्ति की सूचना दी गयी है। इसके साथ ही ऐप्लाईड इकानामिक्स विभाग में संस्कृति निदेशक के पद पर प्रोफेसर मधुरिमा लाल को नियुक्त किया गया है। विश्वविद्यालय सूत्रों के अनुसार अब तक इन दोनों पदों पर प्रोफेसर राकेश चंद्रा काम संभाल रहे थे। 20दिसंबर 2022 को प्रोफेसर राकेश चंद्रा सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

लविवि | 12 से 18 जनवरी तक का जारी हुआ शेड्यूल

एमकॉम प्रथम और तृतीय सेमेस्टर आंतरिक मूल्यांकन सूची जारी

अमृत विचार संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय (लविवि)ने एम कॉम प्रथम और तृतीय सेमेस्टर इंटरनल असेसमेंट प्रेजेंटेशन और असाइनमेंट शेडयूल जारी कर दिया गया है। सत्र 2022-23 एम कॉम प्रथम सेमेस्टर सेक्शन ए, बी और सेल्फ फाइनेंस छात्रों को इंटरनल असेसमेंट 12 से 18 जनवरी तक सुबह 11 बजे से होगा। प्रथम सेमेस्टर में 12 जनवरी को सेक्शन का अकाउंटिंग और थ्योरी, सेक्शन बी में वर्किंग कैपिटल मैनजमेंट, सेल्फ फाइनेंस में अकाउंटिंग थ्योरी और प्रैक्टिस का इंटरनल होगा।

लखनऊ विश्वविद्यालय। (फाइल फोटो)

इसी के साथ 13 जनवरी को ए में वर्किंग कैपिटल मैनेजमेंट, बी में अकाउंटिंग थ्योरी प्रैक्टिस, सेल्फ फाइनेंस में वर्किंग कैपिटल मैनजमेंट, 14 जनवरी को ए में डायरेक्ट टैक्स लॉ एंड अकाउंट, में इंडिया एंड ग्लोबल बिजनेस एन्वायरमेंट, सेल्फ फाइनेंस में डायरेक्ट टैक्स एंड अकाउंट, 16 जनवरी को ए मे इंडिया एंड ग्लोबल बिजनेस एन्वॉयरमेंट, बी में डायरेक्ट टैक्स लॉ अकाउण्ट, सेल्फ फाइनेंस में मार्केटिंग मैनेजमेंट, 17 जनवरी को ए में मार्केटिंग मैनेजमेंट, बी में बिजनेस एथिक्स एण्ड कॉरपोरेट गर्वनेंस, सेल्फ फाइनेंस में मार्केटिंग मैनेजमेंट के अलावा 18 जनवरी को बिजनेस एथिक्स एण्ड कारपोरेट गर्वनेंस, बी में मार्केटिंग मैनेजमेंट एवं सेल्फ फाइनेंस के छात्रों के लिए कारपोरेट का इंटरनल असेसमेंट होगा।

कामर्स विभाग के मुताबिक एम कॉम तृतीय सेमेस्टर का इंटरनल असेसमेंट 12 जनवरी से होंगे। सेक्शन विषयवार शेड्यूल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

प्रो. पूनम टंडन को डीन एकेडमिक और प्रो. मधुरिमा को निदेशक संस्कृति